वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :3 अंक : 217 मंगलवार 5 दिसम्बर 2023 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

# पायलट बोले- सरकार रिपीट क्यों नहीं कर पाए, मंथन हो

**जयपुर. कासं**

कांग्रेस की हार के बाद पार्टी में फिर गुटबाजी तेज होने के आसार बन गए हैं। सचिन पायलट ने कांग्रेस की हार पर मंथन की मांग करते हुए रिवाज नहीं बदल पाने पर सवाल उठाए हैं। सीएम के ओएसडी लोकेश शर्मा के बयान पर सचिन पायलट ने कहा- मैंने मुख्यमंत्री के सलाहकार का बयान देखा है। उन्होंने जो स्टेटमेंट दिया है, वह आश्चर्यजनक है। वो इसलिए कि बयान मुख्यमंत्री के ओएसडी का है। चिंता का विषय भी है। पूरी उम्मीद है कि पार्टी कहीं न कहीं इस पर ध्यान देगी कि यह क्यों कहा गया? क्या सच है, क्या झूठ है? पायलट ने कहा- हम लोग चाहते थे कि सरकार दोबारा बने। इसके लिए हम सब लोगों ने जितना हो सके पूरी ताकत लगाकर काम किया फिर भी हम कामयाब नहीं हो सके। इसके कारणों को तलाशना होगा।

### आत्मचिंतन करना होगा

सचिन पायलट ने कहा- विधानसभा चुनावों के जो परिणाम आए हैं, उसमें हमारी सरकार नहीं बन पाई। जिस परंपरा को तोड़ने के लिए हमने बहुत मेहनत की, हरसंभव कोशिश करने के बावजूद हम कामयाब नहीं हो सके। निश्चित रूप से यह चिंता का विषय है। हर बार हम सरकार बनाने के बाद उसे रिपीट नहीं कर पाते हैं। इस बार दोबारा वही हुआ। इस बात का हम सबको खेद है। इस पर हमें आत्मचिंतन करना पड़ेगा। पायलट ने कहा- कार्यकर्ताओं ने पूरी मेहनत की।



अच्छा चुनाव लड़ा। मंगलवार को विधायक दल की बैठक है। उसमें आगे पार्टी की क्या रणनीति होगी? हम सब चाहते थे कि मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान में कांग्रेस की सरकार बने। इन तीनों में कांग्रेस पार्टी जीत कर आती तो हम लोगों को बहुत मजबूती मिलती। हार के बावजूद तीनों राज्यों के आंकड़े देखेंगे तो हमारा वोट प्रतिशत बीजेपी से ज्यादा है। पायलट ने कहा- राजस्थान में सरकार रिपीट करना हम सब का उद्देश्य था लेकिन इसके बारे में बहुत ईमानदारी से आत्म विश्लेषण करना चाहिए और करना पड़ेगा कि कहां कमियां रह गई, क्योंकि आने वाले समय में लोकसभा का चुनाव है, वह बड़ी चुनौती हमारे सामने है।

## 22 जनवरी को विहिप मनाएगा दीपोत्सव

### राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर पूरे देश में बांटे जाएंगे पीले चावल

**जयपुर. कासं।** अयोध्या में बन रहे राम मंदिर में भगवान श्री राम के बाल स्वरूप रामलला के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 22 जनवरी को होगा। कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए विश्व हिंदू परिषद पूरे देश से श्रद्धालुओं को आमंत्रण के लिए अयोध्या से आए पीले चावल बांटेगी। विश्व हिंदू परिषद सांगानेर की ओर से गोविंदनगर प्रखंड में सेक्टर 3 के नारायणविहार शिव हनुमान मंदिर में अक्षत कलश को पूजन कर सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया साथ ही विजय महामंत्र के जाप किए गए। विश्व हिंदू परिषद सांगानेर जिला मंत्री विष्णु शर्मा ने बताया कि 22 जनवरी को राम महोत्सव मनाया जा रहा है इस अवसर पर प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित कर घरों,मंदिरों में दीप प्रज्वलित करने और राम महोत्सव मनाने के लिए लोगों को आमंत्रण स्वरूप घर घर पीले चावल वितरित किए जाएंगे। राम महोत्सव दीपोत्सव के रूप में मनाया जाएगा जिसमें मंदिरों में सामूहिक हनुमान चालीसा सुंदरकांड अखंड रामायण पाठ श्री राम स्तुति और विजय महामंत्र का 108 बार जाप कर महाआरती की जाएगी। अक्षत पूजन कार्यक्रम में विहिप सांगानेर अध्यक्ष रतन सिंह चंद्रावत,उपाध्यक्ष रमेश शर्मा,बबीता शर्मा, जिला मंत्री विष्णु शर्मा, समिति के सदस्य डॉ मनीष शर्मा,मातृशक्ति संयोजिका सरिता चौधरी,बजरंग दल संयोजक सचिन कपूर, सत्संग प्रमुख कैलाश सैनी,धमाचार्य प्रमुख देवकीनंदन शर्मा और हिंदू समाज के प्रबुद्धजनों के साथ बजरंग दल के कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

# सीएम पद के लिए वसुंधरा का शक्ति प्रदर्शन

## सुबह से रात तक 30 से ज्यादा विधायक मिलने पहुंचे, समर्थकों का दावा- 47 आए

**जयपुर. कासं**

राजस्थान विधानसभा चुनाव में भाजपा को बहुमत मिलने के बाद सबसे बड़ा सवाल है- मुख्यमंत्री कौन होगा? इसी सवाल का जवाब तलाशने के लिए जयपुर से दिल्ली तक हलचल बढ़ गई है। सीएम पद के प्रमुख दावेदारों में से एक वसुंधरा राजे ने चुनाव नतीजों के अगले दिन ही शक्ति प्रदर्शन शुरू कर दिया। सोमवार को सुबह से लेकर रात तक 30 से ज्यादा विधायक उनके जयपुर स्थित आवास पर मिलने पहुंचे। समर्थकों का दावा है कि 47 विधायक आए।

### भाजपा में सीएम पद के कितने दावेदार?

दरअसल, रविवार को आए विधानसभा चुनाव



2023 के परिणाम में भाजपा पूर्ण बहुमत के साथ 115 सीट लेकर आई। इन नतीजों के बाद से ही प्रदेश के नए मुख्यमंत्री चेहरे को लेकर कयास शुरू हो गए। सबसे पहला दावा वसुंधरा राजे का है, क्योंकि वे दो बार मुख्यमंत्री रही हैं। सीएम के दो अन्य फेस राजेंद्र राठौड़ और सतीश पूनिया चुनाव हार गए हैं। अब जो बचे हुए चेहरे हैं, इनमें अर्जुन राम मेघवाल, सीपी जोशी प्रमुख हैं, लेकिन दीया कुमारी, बालकनाथ के भी नाम चल रहे हैं। इसके अलावा किरोड़ी लाल मीणा, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, अश्विनी वैष्णव, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला, ओम माथुर, पूर्व संगठन मंत्री रहे प्रकाश चंद के नाम की भी चर्चा है।

**दावाः विधायकों ने एक सुर में कहा- वसुंधरा को सीएम बनाना चाहते हैं**

सीएम कौन की अटकलों के बीच पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा के यहां सोमवार को विधायकों के साथ मुलाकात के दौर से चर्चा शुरू हो गई है। समर्थकों का दावा है कि इस दौरान उनसे मिलने आए कई विधायकों ने एक सुर में कहा कि वे वसुंधरा को सीएम बनाना चाहते हैं। इतना ही नहीं, ये भी दावा किया जा रहा है कि उनके पास 40 से ज्यादा टछअ का समर्थन है।

**ये विधायक मिलने पहुंचे पूर्व सीएम से**

पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा से मिलने के लिए कालीचरण सराफ, बाबू सिंह राठौड़, प्रेमचंद बैरवा, गोविंद रानीपुरिया, ललित मीणा, कंवरलाल मीणा, राधेश्याम बैरवा, कालूलाल मीणा, केके विश्नोई, विक्रम बंशीवाल आदि उनके आवास पर पहुंचे। इनके अलावा भागचंद टाकड़ा, रामस्वरूप लांबा, प्रताप सिंह सिंघवी, गोपीचंद मीणा, बहादुर सिंह कोली, शंकर सिंह रावत, मंजू बाघमार, विजय सिंह चौधरी, समाराम गरासिया, रामसहाय वर्मा, पुष्पेंद्र सिंह राणावत, शत्रुघ्न गौतम, गजेंद्र खींवसर, गुरवीर सिंह आदि ने भी वसुंधरा के आवास पर उनसे मुलाकात की।

# वॉइस ऑफ जेएसजी प्रतियोगिता संपन्न

## प्रनिल पोखरना बने वॉइस ऑफ जेएसजी

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जैन सोश्यल ग्रुप इंटरनेशनल फेडरेशन, नॉर्दर्न रीजन के तत्वावधान में वॉइस ऑफ जेएसजी का ग्रांड फिनाले 3 दिसंबर को महावीर स्कूल में आयोजित किया गया । कार्यक्रम के होस्ट ग्रुप जेएसजी जनक की अध्यक्ष रश्मि जैन और सचिव मनोज जैन ने बताया कि 7 प्रतियोगियों ने फाइनल मुकाबले के चुने गये थे। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक डॉ राजीव जैन ने बताया कि जनक ग्रुप के प्रनिल पोखरना ने अपनी दमदार प्रस्तुति से ना केवल दर्शकों को रोमांचित किया बल्कि निर्णायकों को भी प्रभावित कर वॉइस ऑफ जेएसजी के खिताब पर कब्जा किया। महानगर ग्रुप के अजय को जनक ग्रुप के नक्श जैन के साथ संयुक्त रूप से उपविजेता घोषित किया। इस अवसर पर रीजन के वरिष्ठ पदाधिकारियों जी.पी. टोंग्या , सूर्य प्रकाश छाबड़ा, मनीष झांझरी, प्रदीप जैन, सी एस जैन, संजय जैन, महेंद्र सिंघवी सहित राजीव पाटनी भी उपस्थित रहे। होस्ट ग्रुप जेएसजी अरिहंत के अध्यक्ष राजकुमार सोगानी, सचिव कमलेश जैन, जनक के उपाध्यक्ष रोहित विकास का कार्यक्रम में विशेष सहयोग रहा। रीजन चेयरमैन महेंद्र सिंघवी एवम मुख्य अतिथि मोहित जैन पाटनी ने विजेताओं को ट्रॉफी प्रदान की।



# नव निर्वाचित विधायक भजन लाल शर्मा ने किये जैन मंदिर सांगानेर में दर्शन



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** सांगानेर विधान सभा से नव निर्वाचित विधायक भजन लाल शर्मा ने दिगंबर जैन मंदिर संघी जी सांगानेर में दर्शन कर क्षेत्र की खुशहाली के लिए प्रार्थना की व आशीर्वाद मांगा। इस अवसर पर संघी जी के मंदिर प्रबंध समिति कमेटी के नरेंद्र बज आदि स्थानीय भक्तो ने सांगानेर विधानसभा क्षेत्र से भजन लाल शर्मा को भारी मतों से विजय होने पर बधाई दी और उनका माल्यार्पण कर अभिनंदन किया।

## जैन युवा एकता संघ ने भाजपा को बधाई दीः कहा...

# लोकतंत्र में सबसे बड़ा मत जनता का होता है

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** देश के चार राज्यों के चुनाव परिणाम घोषित हुए, इन परिणामों में 4 में से 3 राज्यों में भारतीय जनता पार्टी ने बहुत बड़ी जीत हासिल की ।जहां राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भाजपा ने कांग्रेस को सत्ता से बेदखल किया वही मध्य प्रदेश में सत्ता को बरकरार रखा।राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक जैन बिट्टू ने कहा की लोकतंत्र में सबसे बड़ा मत जनता का होता है, 4 राज्यों के आए नतीजों में जनता ने अपने अधिकार का उपयोग कर अपना नेतृत्व चुना। राजस्थान, मध्य प्रदेश, छतिसगढ़ में जहां भाजपा को पूर्ण बहुमत मिला, वही कांग्रेस को तेलंगाना में प्रचंड बहुमत मिला। भारतीय जनता पार्टी इतनी बड़ी जीत के बाद बधाई की हकदार है जैन युवा एकता संघ के प्रत्येक कार्यकर्ताओ की ओर से भाजपा को बधाई। आशा करते है नव गठित सरकार सभी समुदायों की एकजुटता को लेकर कुशलता पूर्वक कार्य कर प्रदेश में अलग मिशाल पेश करेगी साथ ही प्रदेश में फैले अत्याचार,महंगाई,बेरोजगारी, गुंडागिर्दी, माफियागिरी इत्यादि पर लगाम लगा स्वास्थ्य,शिक्षा,रोजगार व्यवस्था लाकर सुशासन की स्थापना करेगी।

## श्री वर्द्धमान कन्या पी.जी. महाविद्यालय, ब्यावर

# सामाजिक सप्ताह "झंकार" का आयोजन

**अमित गोधा. शाबाश इंडिया**



ब्यावर। श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री वर्द्धमान कन्या पी.जी. महाविद्यालय में चल रहे सामाजिक सप्ताह ''झंकार'' कार्यक्रम के अंतिम दिन अंग्रेजी संभाषण प्रतियोगिता एवं लघु हास्य नाटिका प्रतियोगिता आयोजित की गई। निर्णायकों की भूमिका निर्वहन व्याख्यता श्री अनूप आर्य, डॉ. रोमा रतानी, श्रीमती नीलम पमनानी एवं सुश्री सिमरन आसनानी द्वारा किया गया। अंग्रेजी संभाषण प्रतियोगिता - प्रथम अंजलि सोनी, द्वितीय मनहर कौर एवं तृतीय महक परिहार रहीं। लघु नाटिका प्रतियोगिता - विदुषी बैरवा एवं समूह ने प्रथम स्थान, ज्योति चौहान एवं समूह ने द्वितीय तथा महक परिहार एवं समूह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय में गत एक सप्ताह से चल रहे विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम ''झंकार'' का सोमवार को समापन हुआ । महाविद्यालय में सांस्कृतिक सप्ताह के अंतर्गत रंगोली बनाओ, पी.पी.टी. प्रजेन्टेशन, फायरलेस कुकिंग, स्केचिंग, प्रश्न मंच, वाद-विवाद, आशु भाषण, अंग्रेजी संभाषण, एकल व समूह गायन, मेहन्दी रचाओ, एकल, युगल एवं सामूहिक नृत्य, लघु नाटिका आदि प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई ।साप्ताहिक सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित करने के साथ ही व्याख्याता श्रीमती राजकुमारी कुमावत के निर्देशन में संचालित स्वीप गतिविधियों में शामिल छात्राओं को भी प्रषस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आर. सी. लोढ़ा ने कहा कि महाविद्यालय द्वारा इस प्रकार के आयोजनों का उद्देश्य विद्यार्थियों में अन्तर्निहित प्रतिभा को उजागर करना है । सांस्कृतिक सप्ताह ''झंकार'' के समापन समारोह के अवसर पर बतौर मृख्यातिथि बोलते हुए समिति मंत्री डॉ. नरेन्द्र पारख ने कहा कि हमारी संस्कृति श्रेष्ठ व समृद्ध है।महाविद्यालय में सांस्कृतिक सप्ताह के आयोजन के माध्यम से हमारी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के कार्य के साथ-साथ युवा पीढ़ी में अपनी संस्कृति को लेकर संवेदनशीलता पैदा करना है। महाविद्यालय अकादमिक प्रभारी डॉ. नीलम लोढ़ा ने समारोह में उपस्थितजन को संबोधित करते हुए सांस्कृतिक सप्ताह के सफल आयोजन में सभी छात्राओं, कार्यक्रम संयोजिका श्रीमती प्रीती शर्मा व सह संयोजिका निधि पंवार, एवं प्रत्यक्ष - अप्रत्यक्ष योगदान हेतु महाविद्यालय परिवार के समस्त सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

### अपनी-अपनी मनोकामना लेकर

## जयपुर से खाटू श्याम जी की पद-वन्दना में शामिल हुए भक्तजन



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जिले का प्रसिद्ध धार्मिक स्थल खाटूश्याम जी की पद-वन्दना हेतु जयपुर से हजारों की संख्या में लोग आज सोमवार को अपनी-अपनी मनोकामना लेकर जयपुर से खाटू श्याम जी की पद-वन्दना में शामिल हुए।प्रवक्ता संजय सैनी ने बताया प्रातः जयपुर से रींगस पहुँचकर वहाँ स्थित श्याम मंदिर के दर्शन करने के पश्चात निशान की पूजा अर्चना के बाद पदवन्दना खाटूश्याम जी के लिए रवाना हुई। खाटू वाले श्याम तेरा ही सहारा है, खाटू वाले श्याम बाबा तुझे तो ही पाना है जैसे भजनों एवं खाटू श्याम जी जयघोष करते हुए आगे ही आगे केसरिया प्रतीक ध्वज लेकर चल रहे संजय सैनी, सौरभ सैनी, जितेश सैनी, डिप्टी सैनी, शीला सैनी, रेखा सैनी, बबीता सैनी, अनिता सैनी, विशाखा सैनी, ख्वाहिश सैनी, रिया सैनी मुख्य रुप से शामिल हुए। खाटू श्याम जी पहुँचकर वहाँ पूजा-अर्चना कर निशान को स्थापित किया। सायंकाल महाआरती करी एवं भजनों की प्रस्तुति दी।

## देवेंद्र झांझरिया ने गोपाल शर्मा को विधायक निर्वाचित होने पर बधाई दी



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** देवेंद्र झाँझरिया अंतरराष्ट्रीय पैरा ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट खिलाड़ी व अर्जुन अवार्ड विजेता ने भारतीय जनता पार्टी सिविल लाइंस विधानसभा से विजयी होने पर गोपाल शर्मा का आज महानगर कार्यालय सहकार मार्ग पर पहुंच कर माला एवं दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मानित किया एवं उज्जवल भविष्य के लिए श्री बालाजी महाराज से कामना की। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ आदर्श नगर विधानसभा संयोजक प्रमोद जैन भंवर भी उपस्थित रहे।

## महापौर ने किए मोती डूंगरी गणेश जी के दर्शन



**जयपुर. कासं।** मुनेश गुर्जर ने सोमवार को तीसरी बार हैरिटेज महापौर का पदभार ग्रहण किया। हाईकोर्ट से राहत मिलने के बाद मुनेश ने शुभ मुहूर्त में फिर से कुर्सी संभाली। इससे पूर्व वे मोती डूंगरी मंदिर पहुंचीं और गणेश जी के दर्शन किए। इस दौरान महंत कैलाश शर्मा ने चुनरी ओढ़ाकर उनको आशीर्वाद प्रदान किया।

# वेद ज्ञान

## यक्ष प्रश्न

प्रगतिशील युग का मानव मस्तिष्क आरंभ से ही प्रश्नों से घिरा रहा है। अनेकानेक प्रकार के प्रश्नों की श्रृंखला न केवल उसके विवेकवान होने का परिचायक है, बल्कि मानव के सतत विकास की कुंजी भी साबित हुई है। नाना प्रकार के विचार और परिकल्पनाएं माना कि अंधे की लाठी के टटोलने जैसी होती हैं, किंतु उसी मंचन से उपलब्धि रूपी वैज्ञानिक शक्तियां व संसाधन और विकास रूपी रत्न भी प्राप्त होते रहे हैं। मनन रूपी पहलू यह है कि हम धन, पद, यश रूपी कितनी ही उपलब्धियां क्यों न हासिल कर लें, हमें पूर्ण संतुष्टि नहीं मिलती। यहां तक कि कोई उपलब्धि जिसे हासिल करने में हमने सालों गंवाए होते हैं, उसकी प्राप्ति का सुख उठा भी नहीं पाते कि हमारे भीतर की रिक्तता अतृप्ति महसूस कर ठोकर मारती है और हम दूर ज्ञात-अज्ञात के क्षितिज पर नजरें टिकाए सुख यहां नहीं, वहां है की मृग मरीचिका में भटकते हुए चल पड़ते हैं। आशय यह कि एक दिन हमारे जीवन का तेल चुक जाता है और हमारे हाथ खाली, किंतु मन महत्वाकांक्षाओं से भरा हुआ होता है और हम पुनः एक नई यात्रा पर निकल जाते हैं। यक्ष प्रश्न यह उठता कि क्या हमारे अंतस की प्यास कभी बुझ नहीं सकती? अगर नहीं तो कबीर दास, नानक, महात्मा बुद्ध, महावीर आदि मानवता की महानतम विभूतियां अपने-अपने अंतस की प्यास को बुझाने में कैसे सफल रहीं। कहीं ऐसा तो नहीं कि हम अपने अंतस की प्यास को पहचान ही न पा रहे हों? किसी एक जेब में रखी वस्तु उस जेब के बजाय हम अन्य कितनी ही जेबों को क्यों न टटोल लें, हमें नहीं मिलेगी। महात्मा बुद्ध और महावीर जैसे राजपुत्र उसी प्यास से परेशान होकर वन गए। हां और जब उन्हें वह मिल गया जिसे पा लेने के बाद जन्म-जन्म की प्यास बुझ जाती है तो वे फिर लौटे, किंतु उनका सुख महलों के बजाय जनसामान्य की ओर था। उन्हें पता चल चुका था कि महल व महत्वाकांक्षाएं उस प्यास को नहीं बुझा सकतीं। अगर उसे बुझाना ही है तो हमें उस प्यास को उसके सच्चे रूप में समझना होगा। सबसे बड़ा आश्चर्य तो यही है कि चारों तरफ भीतर से बाहर तक अतृप्ति महसूस करने के बाद भी हमारा मोहभंग नहीं होता और न ही हम उसे पहचानने की चेष्टा करते हैं। उसे पहचाने बगैर हम उसे सही दिशा दे भी कैसे सकते हैं।

# संपादकीय

## नेतृत्व की विश्वसनीयता से जीते जाते हैं चुनाव

तीन राज्यों में भाजपा की जीत अनायास नहीं है। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले पांच राज्यों के चुनाव में भाजपा के मजबूत संगठन, बेहतर चुनावी प्रबंधन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का करिश्मा काम कर गया। भाजपा ने मध्य प्रदेश में प्रतिष्ठान विरोधी कारक को मात दी। वहीं कांग्रेस से उसके प्रमुख राज्य राजस्थान के साथ ही छत्तीसगढ़ को भी छीन लिया। कांग्रेस ने भले ही भाजपा के दक्षिण में प्रवेश का एक और प्रयास तेलंगाना में विफल कर दिया। लेकिन इसके साथ राजस्थान व छत्तीसगढ़ गंवाने का सौदा फायदे का तो नहीं लगता। इन नतीजों का असर 2024 के चुनाव में कांग्रेस की संभावनाओं पर निश्चित ही पड़ेगा। इन चुनावों में कांग्रेस तेलंगाना में एक मजबूत क्षेत्रीय पार्टी, भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) को हराने में तो सफल रही, लेकिन कुल मिलाकर भाजपा के आगे कमजोर साबित हुई। मध्य प्रदेश में कांग्रेस प्रतिष्ठान विरोधी नाराजगी का लाभ उठाना तो दूर, भाजपा की झोली में तूफानी जीत डाल गई। दिग्गज नेताओं की गुटबाजी में भाजपा को मौका हाथ लग गया। राजस्थान में जमकर विज्ञापनबाजी, योजनाओं और तोहफों की झड़ी लगाने के बावजूद मतदाताओं का विश्वास अशोक गहलोत नहीं जीत पाए। महज विज्ञापनबाजी से चुनाव नहीं जीते जा सकते। नेतृत्व की विश्वसनीयता भी होनी चाहिए। गहलोत वहां सचिन पायलट से खींचतान की खाई नहीं पाट सके। चुनावी मैदान में डटे कार्यकताओं के साथ ही मतदाताओं में इसका जो भी संदेश गया, वह नतीजों में साफ दिख गया। राजस्थान के विपरीत मध्य प्रदेश में शिवराज सिंह चौहान लाड़ली बहना जैसी योजनाओं को लेकर मतदाताओं में विश्वास पैदा कर गए। पार्टी नेतृत्व ने उन्हें अपना चेहरा नहीं बनाया, लेकिन वे जीत के शिल्पकार साबित हुए। जीत के बाद चौहान ने श्रेय प्रधानमंत्री मोदी को दिया। मत फीसद के लिहाज से कांग्रेस को खास नुकसान नहीं हुआ है, लेकिन ओबीसी, आदिवासी व कुछ अन्य मत आखिरी दौर में भाजपा की ओर मुड़ गए और सीटों के स्तर पर गणित बदल गया। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान- उत्तर भारत के इन तीनों अहम राज्यों में कांग्रेस के नेता अपनी खुमारी में डूबे रहे और भाजपा उनकी नाक के नीचे से फेरबदल करा ले गई। कांग्रेस को मिली हार के सबक सामने हैं। कांग्रेस ने इन चुनावों से पहले जाति जनगणना का मुद्दा जोर-शोर से उठाया। मध्य प्रदेश, राजस्थान और यहां तक कि ओबीसी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के राज्य छत्तीसगढ़ तक में यह दांव नहीं चल सका। राहुल गांधी ने ''जितनी आबादी, उतना हक'' का नारा दिया और कांग्रेस पार्टी ने जाति सर्वेक्षण करवाने की गारंटी दी। उत्तर भारत में जाति कड़वी सच्चाई है। राजनीति में जाति की जकड़ तो बहुत मजबूत है। लेकिन चुनाव नतीजों ने बता दिया कि जनता जाति नहीं देखती है जब मोदी का चेहरा नजरों के सामने हो। इन चुनावों के दम पर कांग्रेस विपक्षी गठबंधन में भी अपना सिक्का जमाना चाहती थी। वह साबित करना चाहती थी कि अगर भाजपा का मुकाबला करना है तो वह कांग्रेस ही कर सकती है और कांग्रेस की मदद से ही भाजपा को 2024 में हराया जा सकता है। **-राकेश जैन गोदिका**



# परिदृश्य

## अभद्रता

पिछले कुछ समय से कनाडा, अमेरिका, ब्रिटेन और आस्ट्रेलिया में कुछ खालिस्तान समर्थकों ने जिस तरह की हरकतें करनी शुरू कर दी हैं, उससे यही लगता है कि भारत में मनमानी करने में मिली हताशा को अब वे दूसरे देशों में अभिव्यक्त कर रहे हैं। मुश्किल यह है कि बाहर के देशों में कुछ वजहों से कानूनी जटिलताओं का फायदा उठा कर अब वे सार्वजनिक रूप से उच्चाधिकारियों के साथ भी दुर्व्यवहार करने की कोशिश करने लगे हैं। अमेरिका में न्यूयार्क के लांग आइलैंड में रविवार को भारत के राजदूत के साथ खालिस्तान समर्थकों की हरकत उसी का संकेत है। गौरतलब है कि गुरुपर्व के अवसर पर भारत के राजदूत वहां एक गुरुद्वारे में अरदास करने और लोगों से मिलने-जुलने गए थे। मगर उस वक्त गुरुद्वारे में मौजूद खालिस्तान समर्थकों के एक समूह ने उनके साथ धक्कामुक्की की। हालांकि वहां मौजूद सिख समुदाय के अन्य सदस्यों ने उत्पात मचाने की कोशिश करने वाले खालिस्तान समर्थकों को गुरुद्वारे से बाहर निकाल दिया। मगर चंद खालिस्तान समर्थकों ने जैसी हरकत की, उसकी अनदेखी इसलिए भी नहीं की जानी चाहिए कि अगर वे गुरुद्वारे जैसे किसी सार्वजनिक स्थान पर एक अहम पद पर बैठे व्यक्ति के साथ धक्कामुक्की कर सकते हैं तो किसी अप्रत्याशित वारदात की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता। यों वहां मौजूद खुद सिख समुदाय के लोगों ने ही यह साबित किया कि अवांछित हरकत करने वाले लोगों को प्रतिनिधि चेहरे के तौर पर नहीं देखा जा सकता। गिनती के कुछ लोग अगर खालिस्तान समर्थन के नाम पर मनमानी करने की कोशिश कर रहे हैं तो वे कामयाब नहीं होंगे। कुछ उत्पातियों ने जिस वक्त भारतीय राजदूत के साथ धक्कामुक्की की, उससे ठीक पहले गुरुद्वारे के भीतर ही सिख समुदाय के लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया था। वहां भारतीय राजदूत ने यह भी कहा कि भारत का विदेश में बसे भारतीयों और सिख समुदाय के साथ करीबी रिश्ता कभी नहीं टूटेगा। जाहिर है, खालिस्तान समर्थक गुटों में एक तरह से इस बात से हताशा दिखती है कि अलगाववाद के झांसे में ज्यादातर सिख नहीं आ रहे हैं और उनकी प्राथमिकताओं में शांति ही है। मगर यह भी सच यह है कि अमेरिका और खासतौर पर कनाडा में पिछले कुछ समय से खालिस्तान समर्थक गुटों ने अपने पांव फैलाए हैं और भारत पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं, उसके प्रति लापरवाही भी नहीं बरती जानी चाहिए। इसी वर्ष जून में कनाडा में एक खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या कर दी गई थी। उसकी हत्या को लेकर कनाडा की ओर से भारत पर निराधार सवाल उठाए गए, मगर सबूत मांगे जाने पर कनाडा के टालमटोल की स्थिति अब भी जारी है। इसके अलावा, हाल ही में एक खबर में किए गए दावे के मुताबिक, गुरपतवंत सिंह पन्नू को अमेरिका में मारने की साजिश रची जा रही थी और वहां की खुफिया संस्था एफबीआइ ने इसका खुलासा किया था। रिपोर्ट में यह भी कहा गया था कि अमेरिका ने इस मुद्दे को भारत के सामने उठाया है। सवाल है कि क्या कनाडा या अमेरिका अपनी जमीन पर खालिस्तान समर्थक अलगाववादी गतिविधियों से इतने अनजान हैं कि वे चाहे-अनचाहे उनकी राह आसान करने की कोशिश करते हैं? अगर इस तरह की घटनाओं और उसके पीछे छिपी मंशा की अनदेखी की गई, तो इससे भारतीय संदर्भों में नई जटिलता खड़ी हो सकती है और इसका असर द्विपक्षीय संबंधों पर भी पड़ेगा।

# समोशरण दिगम्बर जैन मंदिर में हुआ नेमीनाथ महामंडल विधान हर्षोल्लास से सम्पन्न





**फागी. शाबाश इंडिया**

जैन धर्म के 22 में तीर्थंकर भगवान नेमिनाथ की मोक्षस्थली पावन सिद्ध क्षेत्र गिरनार जी के समोशरण दिगम्बर जैन मंदिर में महावीर प्रसाद, विनोद कुमार , कैलाश चंद पाटनी परिवार उरसेवा निवासी की अगुवाई में आज नेमीनाथ महामंडल विधान का आयोजन किया गया जैन- महासभा के प्रतिनिधि राजाबाबू गोधा ने उक्त विधान में शिरकत करते हुए बताया कि विधान में 121 पूज्यार्थियों ने पूजा अर्चना कर धर्म लाभ प्राप्त किया, गोधा ने अवगत कराया कि उक्त विधान क्षेत्र पर विराजित पूवार्चार्य गिरनार गौरव आचार्य निर्मल सागर जी महाराज के शिष्य धरसेन सागर महाराज के पावन सानिध्य ,बाल ब्रह्मचारी सुमत भैया की देखरेख में, प्रतिष्ठाचार्य कुमुद सोनी अजमेर वालों के दिशा निर्देश में विभिन्न मंत्रोचारणों के द्वारा साज सज्जा के साथ गायक कलाकार अजित कुमार जैन एन्ड कम्पनी कुचामन वालों की विभिन्न मधुर संगीत मय स्वर लहरियों द्वारा सम्पन्न हुआ। यात्रा संयोजक केलास पाटनी उरसेवा वाले ने बताया कि उक्त विधान में कार्यक्रम से पूर्व अभिषेक शांतिधारा एवं अष्टद्रव्यों से पूजा-अर्चना की गई बाद में प्रतिष्ठाचार्य कुमुद सोनी के द्वारा विधान पर पूज्यार्थियों 128 अर्घ्य अर्पित कराये गये, तथा उक्त यात्रा दल मंगलवार 5 अक्टूबर को प्रातः गिरनार पर्वत पर जयकारों के साथ सामूहिक रूप से वन्दना हेतु प्रस्थान करेगा, कार्यक्रम में यात्रा पुण्यार्जक महावीर प्रसाद विनोद कुमार पाटनी ने अवगत कराया कि कार्यक्रम में देवशास्त्र गुरु, चौबीसी,सभी पूवार्चार्यो, आचार्यो , सहित भगवान की शासन दैवी अम्बिका माता का भी अर्घ्य चढ़ाकर सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की गई। कार्यक्रम में जयपुर, अजमेर, केकडी, मदनगंज किशनगढ़, मालपुरा ,दूदू, मोजमाबाद, चौरू, फागी, माधोराजपुरा, सांगानेर, कुचामन, फुलेरा, ब्यावर, धूंधरी, रहलाना, लाम्बा, खोरा बिसल तथा नारेड़ा, सहित अनेक शहरों कस्बों से गणमान्य जनों ने कार्यक्रम में शिरकत करते हुए कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

# श्रद्धा और भक्ति से जो साधक णमोकार महामंत्र का जाप करेगा वह मनवांछित फल प्राप्त कर सकता है: महासाध्वी प्रितीसुधा



**भीलवाड़ा. शाबाश इंडिया**

श्रद्धा और भक्ति से जो साधक णमोकार महामंत्र का जाप करेगा वह मनवांछित फल प्राप्त करेगा। सोमवार को शास्त्रीनगर प्रंखर वक्ता डॉ.प्रितीसुधा ने महामंत्र नवकार जाप के दौरान सभी श्रध्दालूओं को सम्बोधित करतें हुए कहा कि मंत्रो का मंत्र है,नवकार महामंत्र। ये वो महामंत्र है जो किसी का अहित नहीं कर सकता वह केवल दुनिया का हित ही हित कर सकता है। यह महामंत्र नवकार हमेशा मानवता के हित का काम करता है, इसमें किसी भगवान का नाम नहीं पर दुनिया में ऐसी कोई ईश्वरीय शक्ति भी शेष नहीं जो इसमें न आयी हो, क्योंकि यह व्यक्तिवाचक नहीं यह महामंत्र गुणवाचक है। यह गुणों की पूजा करता है, कोई भी व्यक्ति निस्वार्थ भाव से जो जाप करता है वह मन वांचित फल तो प्राप्त करता ही है वो रिध्दी सिध्दी के साथ लब्दि प्राप्त कर सकता है। साध्वी संयम सुधा ने भजन एवं महासती उमराव कंवर ने भगवान शांतिनाथ की प्रार्थना करवाई। इसदौरान अशोक,लक्ष्मण सिंह, सुरेन्द्रसिंह,गजेन्द्र एवं मंजू पोखरना आदि ने अपने आवास स्थान पर साध्वी वृंद के पधारने पर अगवानी करते हुए साध्वी मंडल के साथ अहिंसा भवन के अध्यक्ष लक्ष्मणसिंह बाबेल, हेमन्त आंचलिया, सुशील चपलोत,शांतिलाल कांकरिया, अशोक चपलोत,ओमप्रकाश सिसोदिया,नीता बाबेल,रजनी सिंघवी, संजूलता बाबेल,सुनीता झामड़,उमाआंचलिया, अंजना सिसोदिया आदि पदाधिकारियों का पोखरना परिवार के सदस्यों ने स्वागत किया। महिला मंडल की अध्यक्षा नीता बाबेल ने जानकारी देतें हुए बताया कि कार्यक्रम के प्रश्चात दोपहर साध्वी मंडल ने श्री संघ के अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह बाबेल के निवास शास्त्रीनगर से दिवाकर धाम विहार किया बुधवार को दिवाकरधाम से विहार मांडल पधारेंगे।

**प्रवक्ता निलिष्का जैन**

# सिद्धा ग्रुप का दीपावली मिलन एवं नच बलिए कार्यक्रम संपन्न





**जयपुर. शाबाश इंडिया।** सिद्धा ग्रुप का दीपावली मिलन एवं नच बलिए कार्यक्रम संपन्न हुआ। जैन सोशल ग्रुप सिद्धा के संस्थापक अध्यक्ष धीरज कुमार - सीमा पाटनी एवं निवर्तमान अध्यक्ष निर्मल- तारा पांड्या ने बताया कि रविवार, 3 दिसंबर को NH 8 रेस्टोरेंट में दीपावली मिलन के साथ नच बलिए कार्यक्रम डीजे मस्ती एंटरटमेंट के साथ किया। अध्यक्ष दिनेश - नीलम काला एवं सचिव अंजन - आकांक्षा जैन ने बताया कि नच बलिए में भाग लेने वाले सभी सिद्ध परिवार के सदस्यों को पुरस्कार से सम्मानित किए गए। सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया उपाध्यक्ष सौरभ - रतिका गोधा, सहसचिव सुरेंद्र-संगीता छाबड़ा मुंडोता वाले एवं कोषाध्यक्ष वीरेंद्र-कविता काला ने ।

## निर्यापक मुनिपुंगव श्री सुधासागर जी महाराज ने कहा...

# तुम तीर्थ नही बन पाओगे लेकिन इन पैरों से तीर्थ वंदना कर लोगे तो ये पैर धर्म के हो जाएंगे



**आगरा. शाबाश इंडिया**

कमला नगर स्थित श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर डी ब्लॉक में निर्यापक मुनिपुंगव श्री सुधा सागर जी महाराज एवं क्षुल्लक श्री गंभीर सागर जी महाराज ससंघ का मंगल प्रवास चल रहा है जिसमें 4 दिसंबर को मुनिश्री ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जो हमारे वर्तमान को कुंठित करती है उसे बोलते है किस्मत या कर्म। कर्म के अधीन जीने वाला व्यक्ति कभी भी बड़ा आदमी नहीं हो सकता, वह बड़ा दिख सकता है, बड़ा हो नहीं सकता। बड़ा दिखने वाला और बड़ा होना दोनो अलग चीज है। किस्मत का जो खाते हैं, समझ लेना वो एक दिन बहुत दुखी होगे, किस्मत का खाने वाले को रहीश अय्याश बोलते है उनमें देवता है, जो पूर्वभव का खाते है। किस्मत का जो खाते है वो बासा खा रहा है और बासा खाने वाला व्यक्ति कभी पूज्य हो ही नही सकता। इसलिए जब तुम्हारी जिंदगी में लगे है कि मेरी किस्मत बहुत अच्छी है समझ लेना तुम संसार के सबसे निकृष्ट,छोटे और कमजोर आदमी हो क्योंकि तुम्हारी जिंदगी में नया कुछ भी नही है। बाप-दादो की कितनी ही अच्छी किस्मत लेकर आना वो ज्यादा देर नही चलती। जब भी तुम कमाई करते हो और तुम्हें ये भाव आता है मैं अच्छा कमाने वाला हूँ, गुडलक हूँ बन्धुओ भविष्य अच्छा नहीं है तुम्हारा, तुम धन दौलत के मालिक नहीं हो रखवाले हो। सबसे बड़ा मलिक वह कहलाता है जो कमाने के बाद खर्च पर विचार करता है। जहाँ-जहाँ तुम्हारी किस्मत का हाथ हो वहाँ-वहाँ तुम्हें भगवान की कोई जरूरत नहीं है भगवान किस्मत वालो का साथ नही देते। गार्जियन की जरूरत वहाँ है जहाँ कमाना कर्म से है और गंवाना धर्म से है। जब हम धर्म का उपयोग नही कर पाते है तो वह सारा धर्म, कर्म रूप में परिणित हो जाता है और जैसे ही धर्म, कर्म में परिणित होता है तो ये पूज्य पद खत्म हो जाता है। मनुष्य का शरीर सात कुधातुओ से भरा हुआ पिंड है, पसीना, बाल टूटना सब होता है इनसे सहित होने के बाद भी वह आहार देने के लिए पात्र है जबकि देवताओं का शरीर शुद्ध होने के बाद भी इतना अशुद्ध कहा कि यदि महाराज को चौके में पता चल जाये कि यहाँ देवता है तो वे अंतराय कर देंगे क्योंकि उनके आहार का समय नियत नही। जो किस्मत को हमेशा लकी मानकर के रहता है और हमेशा कमाने के रूप में लगा रहता है अंत तक ऐसे व्यक्ति मरकर के धौ का पेड़ होते है। सारे पेड़ों की जगह पानी की तरफ जाती है लेकिन धौ के पेड़ की जड़ वहाँ जाएगी जहाँ धन रखा है। जब भी कमाई होगी कर्म से होगी, धर्म कभी कमाई नही कराता। तुम कमाने के बाद जो खर्च करोगे वो धर्म और धर्मात्मा से पूछकर करोगे, पूज्य पुरूषों से पूछकर करोगे, पूज्य कौन- घर की दृष्टि से माँ-बाप, परमार्थ की दृष्टि से गुरु भगवान और जिनवाणी माँ। सम्यकदृष्टि भोजन बना लेगा ये कर्म का बनाया भोजन है । सम्यकदृष्टि कहता है मैं नही खाऊँगा, मैं कर्म की नही,धर्म की कमाई खाता हूँ। ये भोजन,धन,दौलत कर्म की कमाई है, मैं धर्म की कमाई खाऊँगा लो भगवान ने कहा नही खायेगा तो भूखों मरेगा, तो भगवन कर्म की कमाई कैसे खाऊँ, कर्म की कमाई जो खाता है उसकी दुर्गति होती है। ओहो क्या जिनेंद्र देव का धर्म है, उन्होंने कहा- बेटा! खाने के पहले उसमे से थोड़ा दान धर्मात्मा को दे देना तो वो धर्म की कमाई है, कर्म की नही आँखे कर्म से मिली है, धर्म मे परिवर्तित करो भगवन मैं आँखे नही खोलूँगा क्योंकि आँखे कर्म से मिली है कर्म पतन कराएगा। तो सुबह से उठकर इन आँखों से धर्म करा लें भगवान का दर्शन कर आ, फिर ये आँखे धर्म की हो गयी। जिनवाणी ने कहा इसे प्रवचन सुनाओ क्यों क्योंकि इसके जो कर्म के कान है वे धर्म के हो जायेगे ये मुख कर्म से मिला है, सुबह एक भगवान की पूजा कर ले ये मुख धर्म का हो जाएगा। ये हाथ तुझे कर्म से मिले है भगवान के चरण छू ले, ये हाथ धर्म के हो जायेगे। तुम तीर्थ नही बन पाओगे लेकिन इन पैरों से तीर्थ वंदना कर लोगे तो ये पैर धर्म के हो जायेगे। इस दौरान सौभाग्यशाली गुरुभक्तों ने मुनिश्री के चरणों का पाद प्रक्षालन कर मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया। सायः 5:30 बजे से मुनि श्री का जिज्ञासा समाधान कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

**रिपोर्ट: शुभम जैन**

## इस दिसंबर, हाज़िर है एक मैजिकल फैमिली एंटरटेनर, जहां होगा अजय देवगन और सिद्धार्थ मल्होत्रा की ''थैंक गॉड'' का प्रीमियर, एंड पिक्चर्स पर




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** फिल्म थैंक गॉड हर उम्र के दर्शकों के लिए एक हल्की-फुल्की कॉमेडी का पिटारा खोलती है, उन्हें अनजाने मोड़ पर ले जाती है और एक खुशनुमा एहसास कराती है। इस फिल्म में ऐसे पल हैं जो आपके मन में गुदगुदी जगा देते हैं, और एक अलौकिक संसार में इस ऐलान के साथ आपका बही खाता खुलता है - पाप और पुण्य की खुलेगी किताब, जब गॉड करेंगे कर्मों का हिसाब। यह फिल्म दर्शकों को एक दिव्य लेकिन मजेदार सफर पर ले जाती है, जहां वे अपने कर्मों के फल के बारे में सोचेंगे और ये जानेंगे कि अच्छे कर्मों और नेकदिली का फल कितना मीठा हो सकता है। यह फिल्म एक फुल-ऑन एंटरटेनर है जो पूरे परिवार को खुशियां बांटने और मिलजुलकर साथ रहने की प्रेरणा देती है। इस फिल्म की कहानी में अजय देवगन और सिद्धार्थ मल्होत्रा के बीच एक बड़ा दिलचस्प रिश्ता दिखाया गया है, जो दर्शकों को अपने-से लगने वाले पारिवारिक रिश्तों का एहसास कराता है। किसी भी आम गुरु -शिष्य के रिश्तों से अलग उनके रिश्ते में हास्य है, अनजाने मोड़ हैं और एक मजबूत दोस्ती है। इस फिल्म का सार उन्हीं के रिश्तों पर टिका है, जहां वे बड़ी चतुराई के साथ हास्यप्रद स्थितियों से गुजरते हुए दर्शकों से जुड़ जाते हैं। ''थैंक गॉड'' में अजय देवगन एक दिव्य और सनकी देवता के अभूतपूर्व अवतार में नजर आए, जिन्होंने फिल्म में अपना खास अंदाज पेश किया है। दूसरी ओर, सिद्धार्थ मल्होत्रा ने कॉमेडी की दुनिया में एक शानदार कदम रखा है और अपना ऐसा पहलू उजागर किया है जो नया और हास्यप्रद होने के साथ-साथ पूरी तरह मनोरंजक भी है। फिल्म थैंक गॉड के निर्देशक इंद्र कुमार ने इसे एक फिल्मी मास्टरपीस बनाने में अपनी खास कुशलता अपनाई है। अपनी अनोखी निर्देशन शैली के लिए मशहूर इंद्र कुमार ने बड़े चुस्त अंदाज में हास्य और जज्बात का मेल किया है। फिल्म में कलाकारों ने भी शानदार परफॉर्मेंस दी, जहां हर एक्टर ने अपने कैरेक्टर में जान फूंक दी।

## मानव पर्याय की कीमत करो : गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी



**गुंसी, निवाई. शाबाश इंडिया**

प. पू. भारत गौरव गणिनी आर्यिका रत्न गुरु माँ विज्ञाश्री माताजी के ससंघ सान्निध्य में गुन्सी जिला - टोंक (राज.) में नव निर्माणाधीन श्री दिगम्बर जैन सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ पर दिनांक 10 दिसम्बर 2023 को भव्य आयोजन होने जा रहा है। आर्यिका ससंघ के पिच्छिका परिवर्तन समारोह के साथ होगा 108 फीट उत्तुंग कलशाकार सहस्त्रकूट जिनालय के निर्माण का भव्य शुभारंभ होगा ।पूज्य माताजी के मुखारविंद से होने वाले अभिषेक शांतिधारा करने भक्तगण सपरिवार पहुंच रहे हैं।शांतिप्रभु के चरणों में शांतिविधान करने का अवसर कमलेश चाँदवाड़ कोटा वालों ने प्राप्त किया ।बड़े ही भक्तिभाव से मंडल जी पर 120 अर्घ्य समर्पित किये गए। पूज्य माताजी ने सभी को उद्बोधन देते हुए कहा कि - हम सबकी मंजिल कहां है ये हमें पता ही नही है। यह जो मानव पर्याय है यह बहुत ही दुर्लभ है ।यदि इसमें भी जैन धर्म मिल गया तो हमारे असीम पूर्व पुण्य का फल है ।लेकिन इस पर्याय को ऐसे ही नहीं खोना । इस तन से सदा देव - शास्त्र - गुरु की सेवा करते रहना ।इसी से यह जीवन सफल होगा । देव गति के देव भी इस मानव पर्याय को प्राप्त करने के लिए तरसता है लेकिन हमें यह पर्याय मिल गई तो हम इसकी कीमत नहीं करते ।फैशन और व्यसन में फंसकर हम अपना जीवन बर्बाद कर रहे हैं ।जीवन में धर्म को अंगीकार कर इस जीवन को सफल बनाने का अथक प्रयास करें क्योंकि धर्म ही साथ में जाने वाला है यह रुपया - पैसा नहीं।

# ब्लॉक स्तरीय साइंस विजार्ड एवं मैथ विजार्ड प्रतियोगिता संपन्न




**जोधपुर. शाबाश इंडिया**

भारती फाउंडेशन एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में ब्लॉक स्तरीय साइंस विजार्ड एवं मैथ विजार्ड प्रतियोगिता संपन्न हुई। भारती फाउंडेशन प्रतिनिधि पुनीत भटनागर ने बताया कि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय देड़ा, सेखाला में आयोजित साइंस विजार्ड कक्षा 8 के लिये व मेथ विजार्ड कक्षा 5 के लिये ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय स्तर पर रहे विजेताओं में से कुल 45 विद्यार्थियों ने भाग लिया। सीबीईओ- सेखाला के प्रतिनिधि हरचंद सिंह , देड़ा, सेखाला पी ई ई ओ श्रीमती पुष्पलता रांकावत द्वारा सभी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र व पुरुस्कार प्रदान किये गये। भारती फाउंडेशन से विवेक चतुर्वेदी, संदीप कुलश्रेष्ठ, मोहित शर्मा, विवेक शर्मा एवं मदन सिंह के मुख्य आतिथ्य में प्रतियोगिता आयोजित हुई ।प्रतियोगिता में सेखाला ब्लॉक के 19 राजकीय विद्यालयों के साइंस विजार्ड में एवं 26 राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों ने मैथ विजार्ड में भाग लिया` ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता के विजेता साइंस विजार्ड में प्रथम स्थान पर जितेंद्र कुमार, रा उ मा वि मदेजी की ढाणी, दूसरे स्थान पर विनोद, रा उ प्रा वि. कनोडिया पुरोहितान, तृतीय स्थान पर मदन सिंह, रा उ मा वि धीरपुरा से रहे। मेथ्स विजार्ड में प्रथम स्थान पर भोम सिंह, रा प्रा वि अंनेजों की ढाणी, धीरपुरा, दूसरे स्थान पर युवराज सिंह, रा उ प्रा वि नाई, कुम्हारो की ढाणी, उदय नगर, तृतीय स्थान पर जितेंद्र सुथार, रा उ मा वि धीरपुरा से रहे। हरचंद सिंह, CBEO- सेखाला ने बताया कि समय-समय पर भारती फाउंडेशन द्वारा ऐसी प्रतियोगिता का आयोजन करवाने के पीछे बच्चों में तार्किक क्षमता का विकास व प्रतिस्पर्धा के प्रति प्रेरित करना है। श्रीमती पुष्पलता रांकावत ने बताया कि इस प्रतियोगिता से बच्चों में गणित एवं विज्ञान विषय के प्रति रुचि विकसित होगी।



# दिगंबर जैन सोशल ग्रुप नवकार की एक दिवसीय धार्मिक यात्रा संपन्न

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** दिगंबर जैन सोशल ग्रुप नवकार की एक दिवसीय धार्मिक यात्रा संपन्न हुई। ग्रुप अध्यक्ष मोहनलाल गंगवाल के अनुसार 02 दिसम्बर 23 को नवकार ग्रुप के 40 सदस्यों को रेवासा, सुजानगढ़ एवं लाडनूं की एक दिवसीय यात्रा करवाई गई। यात्रा प्रातः वरुण पथ मन्दिर से अउ बस रवाना की गई, रेवासा मन्दिर के दर्शन किए एवं सुबह का नाश्ता बस में करवाया गया, लंच रेवासा के भोजनालय में किया गया। निहाल सोगानी ने अध्यक्ष मोहनलाल गंगवाल, सचिव गिरीश कुमार एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार बाकलीवाल का सम्मान किया गया। उसके बाद सुजानगढ़ होते हुए लाडनूं पहुंच कर मन्दिरों के दर्शन किए एवं सायंकालीन भोजन लाडनूं में किया । रात्रि को 11.30 बजे जयपुर पहुंचे।



# दिगम्बर जैन महासमिति अंचल अध्यक्ष शकुंतला जैन बिन्दायका को निवाई में मिला सम्मान



**निवाई. शाबाश इंडिया।** सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान मे चातुर्मास कर रहे जैन मुनि शुद्ध सागर महाराज के सानिध्य में दिगम्बर जैन महासमिति अंचल अध्यक्ष शकुंतला जैन बिन्दायका का निवाई पहुंचने पर सम्मानित किया गया। जिसमें विशुद्ध वर्धिनी महिला मण्डल एवं समाज की महिलाओं ने माल्यार्पण कर साफा पहनाकर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। महिला मण्डल की प्रचार संयोजक संजू जौंला ने बताया कि संत निवास पर विशुद्ध वर्धिनी महिला मण्डल की अध्यक्ष शशी सोगानी, पिंकी कठमाणा, प्रेमा कासलीवाल, आशा लटुरिया, सन्जू जौंला, अनिता गोयल, शकुंतला छाबड़ा, प्रिती बाकलीवाल, रेणु सारसोप ने दिगम्बर जैन महासमिति अंचल अध्यक्ष शकुंतला जैन बिन्दायका एवं बबीता जैन बड़जात्या का स्वागत सत्कार करके राजस्थानी परम्परा अनुसार अभिनन्दन किया। जौंला ने बताया कि दिगम्बर जैन महासमिति अंचल अध्यक्ष शकुंतला जैन बिन्दायका एक दिवसीय दौरे पर टोंक निवाई चाकसू होते हुए जयपुर पहुंचीं।

# अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर हुआ स्माइल कार्यक्रम




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** मानव सेवा ट्रस्ट राजस्थान द्वारा अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर दिव्यांग, अनाथ एवं भिक्षावृति में लिप्त बच्चों के लिए स्माइल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रताप नगर स्थित सैंट जोसेफ कोवेंट स्कूल में किया गया। ट्रस्ट सदस्य व मीडिया प्रभारी प्रो. डॉ. राजीव सक्सेना ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पंडित मोहित मुद्गल, अध्यक्ष भक्ति सिद्धान्त वाणी सेवा ट्रस्ट, विशिष्ट अतिथि बसंत जैन बैराठी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री भारतवर्षीय दिगम्बर जैन महासभा एवं फाउंडर प्रेसिडेंट दिगंबर जैन सोशल ग्रुप विराट, कैस्टलीनो आई फाउंडेशन से देन्जिल, सवाई सिंह, अध्यक्ष राजस्थान समग्र सेवा संघ, पंडित आशुतोष महाराज, दुर्गा वर्मा, दिनेश आलोरिया, आदि रहे । ट्रस्ट अध्यक्ष से.नि. आरएएस एन.एल.वर्मा ने सभी अतिथियों शाल एवं मोमेंटो देकर स्वागत किया। कार्यक्रम संयोजक कौशल सत्यार्थी ने बताया कि कार्यक्रम में 400 बच्चों ने भाग लिया जिनके लिए खेल-कूद, पेटिंग, फैशन शो, सांस्कृतिक आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिनमें बच्चों ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया ।सभी विजेताओं को प्रमाण-पत्र एवं उपहार दिया गया। जरूरतमंद बच्चों को व्हीलचेयर्स, जूते, कपड़े, उपहार वितरित किये। अंत में महासचिव दुर्गा वर्मा ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com